पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में अंर्तमहाविद्यालयीन खेल–कूद एवं सांस्कृतिक आयोजन

आजः– दिनांक 29.02.2020 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में 05 दिवसीय अंर्तमहाविद्यालय खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के तृतीय दिवस में विभिन्न खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेल–कूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत आज क्रिकेट मैच में जबलपुर महाविद्यालय ने महू महाविद्यालय को 17 रन से पराजित किया। इसके साथ ही केरम, गोला फेंक, 200 एवं 800 मीटर दौड़, क्रिकेट, शतरंज, कबड्डी के मैचों का आयोजन किया गया, जिसमें 200 मी. दौड़, पुरूष वर्ग में नितिन वैष्णव, जबलपुर महाविद्यालय एवं महिला वर्ग में आरती चौहान, जबलपुर महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं 800 मीटर दौड़ पुरूष वर्ग में राजेश भावर, जबलपुर महाविद्यालय एवं महिला वर्ग राजेश्वरी पटेल, महू महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही टग ऑफ वार के फाइनल में मुकाबले आयोजित किए गए जिसमें पुरूष वर्ग में जबलपुर महाविद्यालय तथा महिला वर्ग में रीवा महाविद्यालय ने बाजी मारी। केरम की एकल एवं दोहरी प्रतियोगिता के फाइनल क्रमशः जबलपुर महाविद्यालय एवं महू महाविद्यालय विजयी रहे। खेल–कूद प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका श्री सुजीत पयासी, श्री अमन सिंह परिहार, श्री शोभाराम दोहिया, शरीरिक शिक्षा विभाग की उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता, लोकनृत्य, एकलनृत्य एवं बॉलीवुड नृत्यों में तीनों महाविद्यालय (महू, रीवा, जबलपुर) के छात्र–छात्राओं ने अपनी–अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी। जिनके परिणाम क्रमशः एकल गीत में तनु मिश्रा, देशभक्ति गीत में अनुश्री बनर्जी, एवं लोकनृत्य में श्रृष्टि दीक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ चित्रकारी प्रतियोगिता में अर्पणा ठाकुर, कॉलाज में मोना चौरसिया, पोस्टर प्रतियोगिता में सोनल मकोडे, क्ले मॉडलिंग में तेजस्वी मेसराम एवं रंगोली में

अनुश्री बनर्जी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साहित्यिक गतिविधियों के अंतर्गत माइन प्रतियोगिता में ओजल सिंह, जबलपुर महाविद्यालय ने प्रथम स्थान तथा स्किट एवं एकल अभिनय प्रतियोगिता में क्रमशः नीलम सिंह, तथा शशांक विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका में श्रीमति स्वाती मोदी तिवारी, मनीराज, मनी डान्स स्टूडियों, डॉ शैली धोपें उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. आर.पी.एस. बघेल, अधिष्ठाता संकाय, डॉ. श्रीकांत जोशी, संचालक शिक्षण, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, द्वारा सभी निर्णायक को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं खादी के रूमाल से सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में खेल—कूद दलों के दल प्रबंधक, डॉ. मोहन सिंह ठाकुर, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. तैयबअली शेख, डॉ. अजय राय, डॉ. अल्का सुमन, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. सुनील नागौरिया, डॉ. संजय शुक्ला, डॉ. राजेश वांद्रे एवं सांस्कृतिक एवं साहित्यक कार्यक्रमों के समन्वयक डॉ. अपरा शाही, डॉ. शोभा जावरे, डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. जॉयशी जोगी, डॉ. पूनम शाक्या, डॉ. श्रृद्धा श्रीवास्तव, डॉ. सुरभि यादव तथा डॉ. आदित्य मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण की उपस्थिति शोभनीय रही।

अधिष्ठाता
पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय
जबलपुर